(ख) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के संबंध में अपेक्षित सूचना निम्नानुसार है:—

वर्ष	उम्मीदवारों का प्रतिशत	
	सिविल सेवा परीक्षाएं	कुल परीक्षाएं*
1990	7.87	8.38
1991	6.54	6.46
1992	12.08	11.14
1993	8.74	8.36
1994	11.80	उपलब्ध नहीं

राज्य लोक सेवा आयोग के संबंध में सूचना केन्द्रीकृत रूप से मॉनीटर नहीं की जाती।

*इस कॉलम में दिए गए आँकड़े उन परीक्षाओं के संबंध में हैं जिनमें भारतीय भाषाएं विकल्प के रूप में उपलब्ध हैं।

राजस्थान में सौर ऊर्जा संयंत्र

1799. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान के जैसलमेर-बाड़मेर जिलों में सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना करने के लिए योजना तैयार कर ली गई है; और

(ख) केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० पी० जे० कुरियन): (क) राजस्थान सरकार ने जैसलमेर, बाड़मेर जिलों में और जोधपुर जिले के कुछ भागों में 300 मेवा० समग्र क्षमता की सौर विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के लिए तीन आशय पत्र जारी किए है। ये आशय पत्र उनके द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगी आमंत्रण के माध्यम से आदेश प्राप्त होने के प्रत्युत्तर में जारी किए गए।

(ख) भारत सरकार सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन के लिए परियोजनाओं को शुरू करने हेतु राज्य सरकारों को प्रोत्साहित कर रही है। केन्द्र सरकार द्वारा 100% संवर्द्धित ह्रास, पांच वर्ष का कर अवकाश, उदार शर्तों पर ऋण, उत्पाद शुल्क से मुक्ति और रियायती सीमा शुल्क जैसे संवर्द्धनात्मक और राजकोषीय प्रोत्साहन इन परियोजनाओं के लिए उपलब्ध हैं।

Marketing of SSI items by MNCs

1800. SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government have taken a decision to grant permission to some multinational companies to make agreements with Indian Companies for marketing the items reserved for small scale sectors, from 1st January, 1993 to 30th June, 1995;

(b) if so, the names and country of these companies;

(c) the fields in which permission has been granted to them to sign agreements with Indian Companies?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): (a) to (b) Yes, Sir. Details of the approvals granted to multinational companies to enter into agreement with Indian Companies for marketing of items reserved for small scale sector during the period from 1st January, 1993 to 30th June, 1995 are given in the enclosed statement.